# पुनरावृत्ति कार्य पत्रिका कक्षा 9वीं के लिए

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–1

**निर्धारित समय : 20 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए।** **5 × 2 = 10**

1. हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि होली मुक्ति और मस्ती का सुहावना त्योहार है। साथ ही यह भी स्मरण रखना चाहिए कि मर्यादित मुक्ति और मस्ती ज़िंदगी के लिए संजीवनी का कार्य करती है। कुंठाओं और मानसिक महामारियों की अचूक औषधि बाँटने आती है– होली, जिसका प्रकट रूप ढोलक की गमक, फाग के राग और रंगों की बौछारों में देखने को मिलता है। वैसे तो रंग की एक सीमित क्षमता होती है। वह वसन को कुछ अधिक समय तक और तन को थोड़े समय तक रंगीन बनाकर रख सकता है, लेकिन जब इस रंग के साथ मन का रंग मिल जाता है, तब वह वसन और तन को भेदकर सीधे मन को रँग डालता है और वह रंग धुलता तो है ही नहीं, कभी फ़ीका तक नहीं पड़ता। मन के इस रंग का नाम है– 'प्यार'। कहा जाता है कि प्यार को सुंदरता की तलाश रहती है। सुंदरता निर्मलता का ही दूसरा नाम है। होली इस बात की भी प्रतीक है कि ईश्वर पर विश्वास रखनेवाले का आसुरी शक्तियाँ कोई अहित नहीं कर सकतीं। यह पर्व प्रह्लाद, हिरण्यकश्यप और होलिका की पौराणिक कथा को याद कराता है। रंगों से धरती से आकाश तक को भरकर चारों ओर हँसी-मज़ाक, मौज-मस्ती, उल्लास के साथ-साथ पुरानी शत्रुता, आपसी बैर-भाव को भुलाकर सरसता, समानता स्थापित करने का यह अनोखा पर्व है।

   होली का त्योहार प्रेम और सद्भावना का त्योहार है, परंतु कुछ असामाजिक तत्व प्रायः अपनी कुत्सित भावनाओं से इसे दूषित करने की चेष्टा करते हैं। होली का पावन पर्व तो यह संदेश लाता है कि मनुष्य अपने ईर्ष्या, द्वेष तथा परस्पर वैमनस्य को भुलाकर समानता व प्रेम का दृष्टिकोण अपनाएँ। मौज-मस्ती व मनोरंजन के इस पर्व में हँसी-खुशी सम्मिलित हों तथा दूसरों को भी सम्मिलित होने हेतु प्रेरित करें। यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत है। हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम मूल भावना को बनाए रखें ताकि भावी पीढ़ियाँ गौरवान्वित हो सकें।

1. होली का प्रकट रूप कहाँ देखने को मिलता है? 1

(क) ढोलक की गमक में (ख) फाग के राग में

(ग) रंगों की बौछारों में (घ) इनमें सभी

2. रंग कब वसन और तन को भेदकर सीधे मन को रँग डालता है और कभी फ़ीका नहीं पड़ता? 1

(क) इसका मन के रंग के साथ मेल होने पर

(ख) इसका पक्के रंग के साथ मेल होने पर

(ग) इसका प्यार के साथ संपर्क होने पर

(घ) (क) तथा (ग) दोनों

3. प्यार को किसकी तलाश रहती है? 1

(क) सुंदरता की (ख) मित्रता की

(ग) सुख की (घ) आराम की

4. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए–**1**

**कथन (A)–** होली के पावन पर्व को कुछ असामाजिक तत्व दूषित करने की चेष्टा करते हैं।

**कारण (R)–** इस तरह के लोग ऐसा कार्य अपनी कुत्सित भावनाओं के कारण करते हैं।

**विकल्प**

(क) कथन (A) सही है पर कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ख) कथन (A) गलत है पर कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है पर कारण (R) गलत है।

5. होली में इनमें से क्या नहीं होता है? 1

(क) रंगों से धरती से आकाश तक को भर दिया जाता है।

(ख) चारों तरफ हँसी-मज़ाक तथा उल्लास का वातावरण छा जाता है।

(ग) पुरानी शत्रुता तथा आपसी बैर-भाव को भुला दिया जाता है।

(घ) सरसता, समानता, भाईचारा तथा मेल-मिलाप को नष्ट करने की कोशिश की जाती है।

**2.** आत्मनिर्भरता का अर्थ है– अपने ऊपर निर्भर रहना, जो व्यक्ति दूसरे के मुँह को नहीं ताकते, वे ही आत्मनिर्भर होते हैं। वस्तुतः आत्मविश्वास के बल पर कार्य करते रहना आत्मनिर्भरता है। आत्मनिर्भरता का अर्थ है– समाज, निज तथा राष्ट्र की आवश्यकताओं की पूर्ति करना। व्यक्ति, समाज तथा राष्ट्र में आत्मविश्वास की भावना, आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। स्वावलंबन जीवन की सफलता की पहली सीढ़ी है। सफलता प्राप्त करने के लिए व्यक्ति को स्वावलंबी अवश्य होना चाहिए। स्वावलंबन व्यक्ति, समाज, राष्ट्र के जीवन में सर्वांगीण सफलता प्राप्ति का महामंत्र है। स्वावलंबन जीवन का अमूल्य आभूषण है। वीरों तथा कर्मयोगियों का इष्टदेव है। सर्वांगीण उन्नति का आधार है। जब व्यक्ति स्वावलंबी होगा, उसमें आत्मनिर्भरता होगी, तो ऐसा कोई कार्य नहीं जिसे वह न कर सके। स्वावलंबी मनुष्य के सामने कोई भी कार्य आ जाए, तो वह अपने दृढ़विश्वास से, अपने आत्मबल से उसे अवश्य ही संपूर्ण कर लेगा। स्वावलंबी मनुष्य जीवन में कभी भी असफलता का मुँह नहीं देखता। वह जीवन के हर क्षेत्र में निरंतर कामयाब होता जाता है। सफलता तो स्वावलंबी मनुष्य की दासी बनकर रहती है। जिस व्यक्ति का स्वयं अपने-आप पर ही विश्वास नहीं वह भला क्या कर पाएगा? परंतु इसके विपरीत जिस व्यक्ति में आत्मनिर्भरता होगी, वह कभी किसी के सामने नहीं झुकेगा। वह जो करेगा, सोच-समझकर धैर्य से करेगा। मनुष्य में सबसे बड़ी कमी स्वावलंबन का न होना है। सबसे बड़ा गुण भी मनुष्य की आत्मनिर्भरता ही है।

1. कैसे लोगों को आत्मनिर्भर कहा जाता है? 1

   (क) अपने ऊपर निर्भर रहने वालों को

   (ख) दूसरों का मुँह ताकते रहने वालों को

   (ग) आत्मविश्वास के बल पर कार्य करने वालों को

   (घ) (क) तथा (ग) दोनों

2. आत्मनिर्भरता का अर्थ है– 1

   (क) खुद की आवश्यकताओं की पूर्ति करना

   (ख) समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति करना

   (ग) राष्ट्र की आवश्यकताओं की पूर्ति करना

   (घ) निज, समाज तथा राष्ट्र की आवश्यकताओं की पूर्ति करना

3. स्वावलंबन के बारे में कौन-सी बात सत्य नहीं है? 1

(क) यह जीवन की सफलता की पहली सीढ़ी है।

(ख) यह जीवन में सर्वांगीण सफलता प्राप्ति का महामंत्र है।

(ग) यह जीवन का अमूल्य आभूषण है।

(घ) यह वीरों तथा कर्मयोगियों के लिए ज़रूरी नहीं है।

4. कैसे व्यक्ति के लिए अपना कोई भी कार्य करना असंभव नहीं? 1

(क) स्वावलंबी व्यक्ति

(ख) ऊँची पहुँच वाला व्यक्ति

(ग) सिफारिशी व्यक्ति

(घ) जोड़-तोड़ करने वाला व्यक्ति

5. भावात्मक दृष्टि से 'आत्मनिर्भरता' जैसे छोटे-से शब्द की विशालता में निहित है— 1

कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए।

**कथन**

(*i*) किसी दूसरे का मुँह न ताकना, अपने ऊपर निर्भर रहना।

(*ii*) आत्मविश्वास के बल पर कार्य करते रहना।

(*iii*) अपनी, समाज की और राष्ट्र की आवश्यकताओं की पूर्ति करना।

(*iv*) अपना हित पहले देखना।

**विकल्प**

(क) कथन (*i*) और (*iv*) सही हैं।

(ख) कथन (*i*), (*ii*), (*iii*) और (*iv*) सही हैं।

(ग) कथन (*i*), (*ii*) और (*iii*) सही हैं।

(घ) कथन (*ii*) और (*i*) सही हैं।

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–2

**निर्धारित समय : 20 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित गद्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **5 × 2 = 10**

**1.** धन जीवन की आधारभूत आवश्यकता है। इसके बिना कोई भी सुख एवं सुविधापूर्ण जीवन की कल्पना नहीं कर सकता है। हमें अपनी छोटी-से-छोटी

आवश्यकता को पूरा करने के लिए धन की आवश्यकता होती है। आधुनिक समय में, जब सभ्यता का विकास तेजी से हो रहा है और प्रत्येक व्यक्ति पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण कर रहा है, तब ऐसे समय में हमें वस्तुओं के बढ़ते हुए मूल्य के कारण अधिक धन की आवश्यकता है। पहले समय में, एक प्रथा प्रचलन में थी जिसे वस्तु विनिमय प्रणाली कहा जाता था, जिसमें किसी को भी एक वस्तु के बदले में दूसरी वस्तु प्राप्त हो जाती थी। हालाँकि, अब इस आधुनिक संसार में प्रत्येक वस्तु या चीज़ को खरीदने के लिए केवल धन की आवश्यकता होती है। धन समाज में व्यक्ति के मान-सम्मान में वृद्धि करता है और उसकी एक अच्छी छवि का निर्माण करता है। हर आदमी आज व्यापार, अच्छी नौकरी, अच्छे व्यवसाय आदि के माध्यम से अधिक-से-अधिक धन कमाकर धनी होना चाहता है ताकि वह आधुनिक समय की बढ़ती हुई सभी आवश्यकताओं की पूर्ति कर सके। यद्यपि, बहुत कम लोगों को अपने करोड़पति बनने के सपने को पूरा करने का अवसर मिलता है, फिर भी धन को एकत्रित करने की लालसा तो हर व्यक्ति की होती ही है। धन की आवश्यकता सभी को होती है, चाहे वह गरीब हो या अमीर और शहरी क्षेत्र का हो या फिर ग्रामीण क्षेत्र का। शहरी क्षेत्र में रहनेवाले लोग ग्रामीण क्षेत्र में रहनेवाले लोगों से अधिक धन कमाते हैं क्योंकि शहरी इलाकों के लोगों की तकनीकी तक पहुँच बहुत आसान होती है और उनके पास अधिक स्रोत होते हैं, जो उनकी धन कमाने की क्षमता को बढ़ाते हैं। इस कारण ग्रामीण क्षेत्र के लोग विकास के क्षेत्र में पिछड़ जाते हैं और शहरी क्षेत्र अधिक विकसित हो जाते हैं।

(क) जीवन में हमें धन की आवश्यकता क्यों है? 1

..........................................................................................

..........................................................................................

(ख) धन की आवश्यकता को लेकर पहले समय और आज की स्थिति में क्या अंतर आया है? 1

..........................................................................................

..........................................................................................

(ग) आज हर आदमी क्या चाहता है? 1

..........................................................................................

..........................................................................................

(घ) विकास के क्षेत्र में शहरी लोगों की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र के लोग क्यों पिछड़ जाते हैं? 1

..........................................................................................

..........................................................................................

(ङ) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए– **1**

**कथन (A)–** धन जीवन की आधारभूत आवश्यकता है।

**कारण (R)–** इसके बिना कोई सुख एवं सुविधापूर्ण जीवन की कल्पना नहीं कर सकता।

**विकल्प**

(क) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(ख) कथन (A) गलत है पर कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है पर कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) कथन (A) सही है पर कारण (R) गलत है।

**2.** हमारे राष्ट्रीय त्योहारों में स्वाधीनता दिवस पंद्रह अगस्त का विशेष महत्व है। इसका महत्व सभी राष्ट्रीय त्योहारों में इसलिए सर्वाधिक है क्योंकि इसी दिन हमें शताब्दियों की गुलामी के बंधन से मुक्ति मिली थी। इसी दिन हमने आज़ाद होकर अपने समाज और राष्ट्र को सँभाला था। स्वाधीनता दिवस या स्वतंत्रता दिवस हमें यह याद दिलाता है कि हम इसी दिन आज़ाद हुए थे। सन् 1947 को 15 अगस्त के दिन जिस अंग्रेजी राज्य का कभी भी सूरज नहीं डूबता था, उसी ने हमें हमारा देश सौंप दिया। हम क्यों और कैसे स्वतंत्र हुए, इसका एक लंबा इतिहास है। इस देश की आज़ादी के लिए बार-बार देशभक्तों ने अपने प्राणों की बाजी लगाने में तनिक देर नहीं की। स्वतंत्रता प्राप्त करने में गांधी जी का अहम योगदान है। अहिंसा और शांति के शस्त्र से लड़नेवाले गांधी ने अंग्रेजों को भारत भूमि छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। उन्होंने बिना रक्तपात के क्रांति ला दी। गांधी जी के नेतृत्व में पं० जवाहरलाल नेहरू सरीखे नेता भी इस क्रांति में कूद पड़े। सुभाष चंद्र बोस ने कहा था, 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा।' इस प्रकार जनता भी स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए आतुर हो उठी। गांधी जी द्वारा चलाये गए

आंदोलनों से लोगों ने अंग्रेज सरकार का बहिष्कार कर दिया। उन्होंने सरकारी नौकरियाँ छोड़ दीं, जेल गए और मृत्यु को हँसते-हँसते गले लगा लिया। अंत में खून रंग ले ही आया। लेकिन दुर्भाग्य का वह दिन भी आ गया। भारत की दुर्भाग्यलिपि ने भारत के ललाट पर इसकी विभाजक रेखा खींच दी। यथाशीघ्र देश का विभाजन हो गया। हिंदुस्तान और पाकिस्तान के नाम से भारत महान बँटकर दो भागों में विभाजित हो गया। बलिदान, त्याग आदि को याद रखने के लिए प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। भारत की राजधानी दिल्ली में हर साल इस अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री तिरंगा झंडा फहराते हैं तथा लाखों नर-नारी इस उत्सव में भाग लेते हैं।

(क) हमारे राष्ट्रीय त्योहारों में स्वाधीनता दिवस पंद्रह अगस्त का विशेष महत्व क्यों है? 1

.......................................................................................

.......................................................................................

(ख) हम कब आज़ाद हुए तथा यह दिन हमें क्या याद दिलाता है? 1

.......................................................................................

.......................................................................................

(ग) स्वतंत्रता प्राप्त करने में अहम योगदान किसका था तथा उन्होंने हमें कैसे आज़ादी दिलाई थी? 1

.......................................................................................

.......................................................................................

(घ) गांधी जी से प्रभावित होकर लोगों ने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए क्या सहयोग दिया? 1

.......................................................................................

.......................................................................................

(ङ) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए– **1**

**कथन (A)–** हमारे राष्ट्रीय त्योहारों में स्वाधीनता दिवस पंद्रह अगस्त का विशेष महत्व है।

**कारण (R)–** इसी दिन हमें शताब्दियों की गुलामी के बंधन से मुक्ति मिली थी।

**विकल्प**

(क) कथन (A) गलत है पर कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(घ) कथन (A) सही है पर कारण (R) गलत है।

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–3

**निर्धारित समय : 20 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित काव्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए।** **5 × 2 = 10**

**1.** जगपति कहाँ? अरे, सदियों से वह तो हुआ राख की ढेरी;
वरना समता–संस्थापन में लग जाती क्या इतनी देरी?
छोड़ आसरा अलख शक्ति का; रे नर, स्वयं जगतपति तू है,
तू यदि जूठे पत्ते चाटे, तो मुझ पर लानत है, थू है!
कैसा बना रूप यह तेरा, घृणित, पतित, वीभत्स, भयंकर!
नहीं याद क्या तुझको, तू है चिर सुंदर, नवीन प्रलयंकर?
भिक्षा–पात्र फेंक हाथों से, तेरे स्नायु बड़े बलशाली,
अभी उठेगा प्रलय नींद से, तनिक बजा तू अपनी ताली।
ओ भिखमंगे, अरे पराजित, ओ मज़लूम, अरे चिरदोहित,
तू अखंड भंडार शक्ति का; जाग, अरे निद्रा–सम्मोहित,
प्राणों को तड़पानेवाली हुंकारों से जल–थल भर दे,
अनाचार के अंबारों में अपना ज्वलित पलीता धर दे।
भूखा देख तुझे गर उमड़े आँसू नयनों में जग–जन के
तो तू कह दे: नहीं चाहिए हमको रोनेवाले जनखे;
तेरी भूख, असंस्कृति तेरी, यदि न उभाड़ सके क्रोधानल–
तो फिर समझूँगा कि हो गई सारी दुनिया कायर निर्बल।

**1. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए–** 1

**कथन (A)–** कवि का मानना है कि ईश्वर कहीं भी नहीं है। वह तो राख की ढेरी के समान है।

**कारण (R)–** यदि ईश्वर होता, लोगों के बीच परस्पर असमानता नहीं होती और समानता स्थापित करने में इतना समय न लगता।

**विकल्प**

(क) कथन (A) सही है पर कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।

(ख) कथन (A) गलत है पर कारण (R) सही है।

(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है।

(घ) कथन (A) सही है पर कारण (R) गलत है।

**2. 'छोड़ आसरा अलख शक्ति का; रे नर, स्वयं जगतपति तू है'–इस पंक्ति में कवि मानव को क्या प्रेरणा देता है?** 1

(क) भाग्य पर नहीं कर्म पर विश्वास करना चाहिए।

(ख) आत्मनिर्भर बनना ज़रूरी है।

(ग) जूठे पत्ते नहीं चाटने चाहिए।

(घ) दूसरों का आश्रय छोड़ देना चाहिए।

**3. 'मनुष्य को अपने असीमित बल को पहचानना चाहिए'–यह किस पंक्ति का भाव है?** 1

(क) अभी उठेगा प्रलय नींद से, तनिक बजा तू अपनी ताली

(ख) प्राणों को तड़पानेवाली हुंकारों से जल-थल भर दे

(ग) तू अखंड भंडार शक्ति का; जाग, अरे निद्रा-सम्मोहित

(घ) तेरी भूख, असंस्कृति तेरी, यदि न उभाड़ सके क्रोधानल

**4. 'अनाचार के अंबारों में अपना ज्वलित पलीता धर दे'– पंक्ति का भाव है** 1

(क) हमें अपनी शक्ति को पहचानना चाहिए।

(ख) भिक्षा-पात्र फेंक अपने सामर्थ्य को पहचानना चाहिए।

(ग) किसी के आगे गिड़गिड़ाना नहीं चाहिए।

(घ) दुर्व्यवहार के प्रति आवाज़ उठानी चाहिए।

**5. कवि दुनिया को कब 'कायर' और 'निर्बल' समझने की बात कहता है?** 1

(क) जब गरीबी, भूख और लाचारी पर क्रोध नहीं आता।

(ख) जब भूखे को देख दुनिया की आँखें नहीं भरतीं।

(ग) जब जूठे पत्ते चाटते हुए भिखारी को देखकर भी दुनिया अनदेखा करती है।

(घ) जब हाथ पसारे बच्चों को देखकर दुनिया का मन नहीं पसीजता।

**2.** हे ग्राम-देवता नमस्कार।
जन कोलाहल से दूर
कहीं एकाकी सिमटा-सा निवास,
रवि-शशि का उतना नहीं
कि जितना प्राणों का होता प्रकाश,
श्रम-वैभव के बल पर करते हो
जड़ में चेतनता का विकास
दानों-दानों से फूट रहे,
सौ-सौ दानों के हरे हास
यह है न पसीने की धारा
हे ग्राम-देवता नमस्कार।

यह गंगा की धवल धार-
तुम जन-मन के अधिनायक हो
तुम हँसो कि फूले-फले देश,
आओ सिंहासन पर बैठो
यह राज्य तुम्हारा है अशेष,
उर्वरा भूमि के नए खेत के
नए धान्य से सजे देश,
तुम भू पर रहकर भूमि भार
धारण करते हो मनुज शेष,
महिमा का कोई नहीं पार
हे ग्राम-देवता नमस्कार।।

**1. कवि ने ग्राम-देवता कहकर किसे संबोधित किया है?** 1

(क) गाँव के मंदिर के देवता को

(ख) गाँव के पुजारी को

(ग) किसानों को

(घ) ग्राम-प्रधान को

**2. ग्राम-देवता जड़ में चेतनता का विकास कैसे करते हैं?** 1

(क) अपनी शक्ति के बल पर

(ख) अपने परिश्रम के बल पर

(ग) अपने वैभव के बल पर

(घ) तीनों उत्तर ग़लत

**3. एक दाने से सौ-सौ दाने फूटने का कारण क्या है?** 1

(क) ग्राम देवता की कृपा

(ख) धरती का उपजाऊ होना

(ग) किसान का पसीना बहाना

(घ) गंगा के पानी से खेती को सींचना

**4. उर्वरा भूमि कौन-सी होती है?** 1

(क) उपजाऊ भूमि, जिसमें खूब खेती होती है

(ख) अनुपजाऊ भूमि, जिसमें खेती नहीं हो सकती

(ग) कम उपजाऊ भूमि, जिसमें किसान के परिश्रम से खेती होती है

(घ) तीनों उत्तर गलत

**5. 'कवि की दृष्टि में किसान ही ग्राम देवता है' इस वाक्य के समर्थन में दिये गए कथन/कथनों का विकल्प में से चयन कीजिए।** 1

**कथन**

(*i*) किसान अपने परिश्रम के बल पर जड़ में चेतनता का विकास कर देता है।

(*ii*) किसान जन-मन का अधिनायक होता है।

(*iii*) किसान दूसरों की खातिर अपना पसीना बहाता है।

(*iv*) किसान अपना और अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए खेती करता है।

**विकल्प**

(क) कथन (*i*) और (*iv*) सही हैं।

(ख) कथन (*i*), (*ii*) और (*iii*) सही हैं।

(ग) कथन (*i*), (*ii*) और (*iii*) सही हैं।

(घ) कथन (*ii*) और (*i*) सही हैं।

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–4

**निर्धारित समय : 20 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित काव्यांशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** **5 × 2 = 10**

**1.** सलिल कण हूँ, या पारावार हूँ मैं
स्वयं छाया, स्वयं आधार हूँ मैं,
सच है, विपत्ति जब आती है,
कायर को ही दहलाती है,
सूरमा नहीं विचलित होते,
क्षण एक नहीं धीरज खोते,
विघ्नों को गले लगाते हैं,
काँटों में राह बनाते हैं।
मुँह से न कभी उफ़ कहते हैं,
संकट का चरण न गहते हैं,
जो आ पड़ता सब सहते हैं,
उद्योग–निरत नित रहते हैं,
शूलों का मूल नसाते हैं,
बढ़ खुद विपत्ति पर छाते हैं।
है कौन विघ्न ऐसा जग में,
टिक सके आदमी के मग में?
ख़म ठोंक ठेलता है जब नर
पर्वत के जाते पाँव उखड़,
मानव जब ज़ोर लगाता है,
पत्थर पानी बन जाता है।
गुन बड़े एक से एक प्रखर,
हैं छिपे मानवों के भीतर,
मेहँदी में जैसी लाली हो,
वर्तिका–बीच उजियाली हो,
बत्ती जो नहीं जलाता है,
रोशनी नहीं वह पाता है।

1. विपत्ति के समय शूरवीर क्या-क्या करते हैं? 1

..........................................................................................

..........................................................................................

2. 'है कौन विघ्न ऐसा .............. पत्थर पानी बन जाता है।' अंश के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है? 1

..........................................................................................

..........................................................................................

3. विपत्ति आने पर कौन विचलित होता है और कौन नहीं? 1

..........................................................................................

..........................................................................................

4. 'बत्ती जो नहीं जलाता है, रोशनी नहीं वह पाता है' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। 1

..........................................................................................................

..........................................................................................................

5. 'मेहँदी में जैसी लाली हो' उदाहरण किस बात को व्यक्त कर रहा है? 1

..........................................................................................................

..........................................................................................................

**2.** कोलाहल हो
या सन्नाटा, कविता सदा सृजन करती है,
जब भी आँसू
हुआ पराजित, कविता सदा जंग लड़ती है।
जब भी कर्ता हुआ अकर्ता,
कविता ने जीना सिखलाया
यात्राएँ जब मौन हो गईं
कविता ने चलना सिखलाया।
जब भी तम का
जुल्म बढ़ा है, कविता नया सूर्य गढ़ती है,
जब गीतों की फसलें लुटतीं
शीलहरण होता कलियों का,
शब्दहीन जब हुई चेतना
तब-तब चैन लुटा गलियों का
जब कुर्सी का कंस गरजता,
कविता स्वयं कृष्ण बनती है।
अपने भी हो गए पराए
यूँ झूठे अनुबंध हो गए
घर में ही वनवास हो रहा
यूँ गूँगे संबंध हो गए।

1. 'जब भी कर्ता हुआ..................कविता नया सूर्य गढ़ती है', पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए। 1

..........................................................................................................

..........................................................................................................

2. कविता कब कृष्ण बनती है? 1

..........................................................................................................

..........................................................................................................

3. 'कविता सदा सृजन करती है' पंक्ति का क्या आशय है? 1

..........................................................................................................

..........................................................................................................

4. 'शीलहरण होता कलियों का' पंक्ति में कवि ने किसके शीलहरण की बात कही है? 1

.......................................................................................................

.......................................................................................................

5. 'परस्पर संबंधों में दूरियाँ बढ़ने लगी हैं', यह भाव कविता की किस पंक्ति से निकल रहा है? 1

.......................................................................................................

.......................................................................................................

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–5

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 16**

**निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही उत्तर विकल्पों में से चुनिए।**

**1 × 12 = 12**

1. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द 'अति' उपसर्ग से बना हुआ नहीं है?

(क) अत्यधिक (ख) अतिक्रमण (ग) अतिथि (घ) अत्युक्ति

.......................................................................................................

2. निम्नलिखित में से 'सम' उपसर्ग से बना शब्द चुनिए।

(क) संबोधन (ख) संपूर्ण (ग) समभाव (घ) संकल्प

.......................................................................................................

3. 'अध्यादेश' में प्रयुक्त उपसर्ग कौन-सा है?

(क) अध् (ख) अधि (ग) अधः (घ) अध

.......................................................................................................

4. निम्नलिखित में से विदेशी उपसर्ग कौन-सा है?

(क) निः (ख) ना (ग) नि (घ) बिन

.......................................................................................................

5. निम्नलिखित में से कौन-सा अंग्रेज़ी उपसर्ग नहीं है?

(क) सब (ख) सम (ग) वाइस (घ) चीफ़

.......................................................................................................

6. 'पुनरुद्धार' में उपसर्ग और मूल शब्द कौन-सा है?

(क) पुन + रुद्धार (ख) पुनरु + द्धार

(ग) पुनः + उद्धार (घ) पुनरुद् + धार

..................................................................................................

7. 'स्वावलंबन' में मूल शब्द है–

(क) लंबन (ख) अवलंबन

(ग) आवलंबन (घ) इनमें से कोई नहीं

..................................................................................................

8. उपसर्ग के संबंध में दिए गए विकल्पों में से कौन-सा गलत है?

(क) तत्सम उपसर्ग हिंदी में संस्कृत भाषा के तत्सम शब्दों के साथ आए हैं।

(ख) तत्सम उपसर्ग हिंदी के तत्सम शब्दों के प्रारंभ में जुड़ते हैं।

(ग) तद्भव उपसर्गों का विकास संस्कृत के तत्सम उपसर्गों या समासों के पूर्व पदों से हुआ है।

(घ) तद्भव उपसर्ग तत्सम तथा तद्भव दोनों ही प्रकार के शब्दों के साथ मिलकर शब्द-रचना करते हैं।

..................................................................................................

9. तद्धित प्रत्यय निम्नलिखित में से किन शब्दों में लगकर नए शब्दों की रचना करते हैं?

(क) संज्ञा (ख) विशेषण (ग) अव्यय (घ) उपर्युक्त सभी

..................................................................................................

10. 'शौकीन' में प्रयुक्त प्रत्यय है?

(क) कीन (ख) इन (ग) ईन (घ) इनमें से कोई नहीं

..................................................................................................

11. 'लुहार' में प्रयुक्त मूल शब्द तथा प्रत्यय है–

(क) लु + हार (ख) लोहा + आर

(ग) लुहा + र (घ) इनमें से कोई नहीं

..................................................................................................

12. निम्नलिखित में से कौन-सा व्यवसायबोधक प्रत्यय नहीं है?

(क) वाला (ख) आनी (ग) आर (घ) ग़र

..................................................................................................

13. कॉलम–1 को कॉलम–2 के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| **कॉलम–1** | **कॉलम–2** |
|---|---|
| (1) अति | (*i*) ईक्षा |
| (2) अधि | (*ii*) चारण |
| (3) उत् | (*iii*) अयन |
| (4) परि | (*iv*) अधिक |

**विकल्प**

(क) (1) - (*iv*), (2) - (*iii*), (3) - (*ii*), (4) - (*i*)

(ख) (1) - (*ii*), (2) - (*iii*), (3) - (*iv*), (4) - (*ii*)

(ग) (1) - (*iii*), (2) - (*i*), (3) - (*iv*), (4) - (*ii*)

(घ) (1) - (*i*), (2) - (*iii*), (3) - (*iv*), (4) - (*ii*)

14. 'स्व' उपसर्ग से बने कुछ शब्द नीचे दिए जा रहे हैं–

सही विकल्प चुनकर लिखिए–

(*i*) स्वदेश (*ii*) स्वावलंबन

(*iii*) स्वभाव (*iv*) स्वादिष्ट

**विकल्प**

(क) (*i*) और (*ii*) सही हैं

(ख) (*i*) और (*iii*) सही हैं

(ग) (*i*), (*ii*), और (*iii*) सही हैं

(घ) (*i*) और (*iv*) सही हैं

15. कॉलम–1 को कॉलम–2 के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए–

| **कॉलम–1** | **कॉलम–2** |
|---|---|
| (1) चिकना | (*i*) –हारा |
| (2) लकड़ी | (*ii*) –नी |
| (3) चाट | (*iii*) –आहट |

**विकल्प**

(क) (1) - (*ii*), (2) - (*iii*), (3) - (*i*)

(ख) (1) - (*ii*), (2) - (*iii*), (3) - (*i*)
(ग) (1) - (*i*), (2) - (*ii*), (3) - (*iii*)
(घ) (1) - (*iii*), (2) - (*i*), (3) - (*ii*)

16. 'ता' प्रत्यय से बने कुछ शब्द नीचे दिए जा रहे हैं–
सही विकल्प चुनकर लिखिए–

(*i*) मित्रता (*ii*) महत्ता
(*iii*) पत्ता (*iv*) लघुता

**विकल्प**

(क) (*i*) और (*ii*) सही हैं।
(ख) (*i*) और (*iii*) सही हैं।
(ग) (*i*), (*ii*), और (*iv*) सही हैं।
(घ) (*i*) और (*iv*) सही हैं।

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–6

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 16**

**1. निम्नलिखित उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए।** **1 × 2 = 2**

1. उपसर्ग : अधि
शब्द : ...............................
...............................

2. उपसर्ग : दुः
शब्द : ...............................
...............................

**2. निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाइए।** **1 × 2 = 2**

1. प्रत्यय : ईय
शब्द : ...............................
...............................

2. प्रत्यय : कार
शब्द : ...............................
...............................

3. 1. **तद्भव उपसर्ग किसे कहते हैं?** **1**

..........................................................................................

..........................................................................................

2. **तद्धित प्रत्यय किसे कहते हैं?** **1**

..........................................................................................

..........................................................................................

**4. निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्गों और मूल शब्दों को अलग-अलग करके लिखिए।** **1 × 2 = 2**

1. शब्द : विशिष्ट

   उपसर्ग : ..............................

   मूल शब्द : ..............................

2. शब्द : स्वागत

   उपसर्ग : ..............................

   मूल शब्द : ..............................

**5. निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्ययों को अलग-अलग करके लिखिए।** **1 × 2 = 2**

1. शब्द : चचेरा

   मूल शब्द : ..............................

   प्रत्यय : ..............................

2. शब्द : खेवनहार

   मूल शब्द : ..............................

   प्रत्यय : ..............................

**6. निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग, मूल शब्द तथा प्रत्यय अलग-अलग कीजिए।** **1 × 2 = 2**

| **शब्द** | **उपसर्ग** | **मूल शब्द** | **प्रत्यय** |
|---|---|---|---|
| 1. आधिकारिक – | ...................... + | ...................... + | ...................... |
| 2. परिपक्वता – | ...................... + | ...................... + | ...................... |

**7. कॉलम-1 को कॉलम-2 के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए–** 1

| कॉलम-1 | कॉलम-2 |
|---|---|
| (1) अन् - | (*i*) जन्म |
| (2) पुनः - | (*ii*) आगत |
| (3) सु - | (*iii*) आदर |

**विकल्प**

(क) (1) - (*ii*), (2) - (*iii*), (3) - (*i*)
(ख) (1) - (*iii*), (2) - (*i*), (3) - (*ii*)
(ग) (1) - (*ii*), (2) - (*iii*), (3) - (*i*)
(घ) (1) - (*i*), (2) - (*ii*), (3) - (*iii*)

**8. 'भर' उपसर्ग से बने कुछ शब्द नीचे दिए जा रहे हैं–** 1
**सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

(*i*) भरपूर (*ii*) भरमार
(*iii*) भरता (*iv*) भरसक

**विकल्प**

(क) (*i*) और (*ii*) सही हैं
(ख) (*i*) और (*iii*) सही हैं
(ग) (*i*), (*ii*), और (*iv*) सही हैं
(घ) (*i*) और (*iv*) सही हैं

**9. कॉलम-1 को कॉलम-2 के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए–** 1

| कॉलम-1 | कॉलम-2 |
|---|---|
| (1) सजा (ना) | (*i*) - इक |
| (2) धर्म | (*ii*) - दार |
| (3) ज़मीन | (*iii*) - आवट |

**विकल्प**

(क) (1) - (*ii*), (2) - (*iii*), (3) - (*i*)
(ख) (1) - (*ii*), (2) - (*iii*), (3) - (*i*)
(ग) (1) - (*i*), (2) - (*ii*), (3) - (*iii*)
(घ) (1) - (*iii*), (2) - (*i*), (3) - (*ii*)

**10. 'हारा' प्रत्यय से बने कुछ शब्द नीचे दिए जा रहे हैं– 1**
**सही विकल्प चुनकर लिखिए–**

(*i*) लकड़हारा (*ii*) पालनहारा
(*iii*) बेसहारा (*iv*) सेवनहारा

**विकल्प**

(क) (*i*) और (*ii*) सही हैं।
(ख) (*i*) और (*iii*) सही हैं।
(ग) (*i*), (*ii*), और (*iv*) सही हैं।
(घ) (*i*) और (*iv*) सही हैं।

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–7

**निर्धारित समय : 30 मिनट अधिकतम अंक : 22**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1. निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह और समास-भेद होगा– 1 × 5 = 5**

1. भीमार्जुन
   (क) भीम रूपी अर्जुन – कर्मधारय समास
   (ख) भीम और अर्जुन – द्वंद्व समास
   (ग) भीम और अर्जुन का समाहार – द्विगु समास
   (घ) भीम के लिए अर्जुन – अधिकरण तत्पुरुष समास
2. सतसई
   (क) सात सौ का समाहार – द्विगु समास
   (ख) सौ दोहों का समाहार – द्विगु समास
   (ग) सात सौ वर्षों का समाहार – द्विगु समास
   (घ) सत और सई – द्वंद्व समास

3. चंद्रमुख

(क) चंद्रमा है जो मुख – कर्मधारय समास

(ख) चंद्रमा के समान मुख है जिसका – द्विगु समास

(ग) चंद्रमा के समान मुख – कर्मधारय समास

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

4. यथासमय

(क) समय के अनुसार – अव्ययीभाव समास

(ख) यथा और अनुसार – द्वंद्व समास

(ग) यथा रूपी समय – कर्मधारय समास

(घ) यथा और अनुसार का समाहार – द्विगु समास

5. हवनसामग्री

(क) हवन के लिए सामग्री – अधिकरण तत्पुरुष समास

(ख) हवन के लिए सामग्री – संप्रदान तत्पुरुष समास

(ग) हवन की सामग्री – कर्म तत्पुरुष समास

(घ) इनमें सभी

**2. निम्नलिखित समस्तपदों में कौन-सा समास है?** **1 × 5 = 5**

1. महावीर

(क) कर्मधारय समास (ख) द्विगु समास

(ग) तत्पुरुष समास (घ) अव्ययीभाव समास

2. यथाविधि

(क) कर्मधारय समास (ख) द्विगु समास

(ग) अव्ययीभाव समास (घ) तत्पुरुष समास

3. मुख-दर्शन

(क) अव्ययीभाव समास (ख) द्विगु समास

(ग) तत्पुरुष समास (घ) द्वंद्व समास

4. पंजाब

(क) द्वंद्व समास

(ख) द्विगु समास

(ग) अव्ययीभाव समास

(घ) कर्मधारय समास

5. प्रतिदिन

(क) तत्पुरुष समास

(ख) अव्ययीभाव समास

(ग) द्वंद्व समास

(घ) कर्मधारय समास

**3. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।** **1 × 10 = 10**

1. निम्नलिखित समस्तपदों में से द्विगु समास है–

(क) नीलकमल (ख) पीतांबर

(ग) त्रिभुज (घ) लंबोदर

2. 'पाँच कोणों का समाहार' का समस्तपद इनमें से किसका उदाहरण होगा?

(क) द्वंद्व समास (ख) बहुव्रीहि समास

(ग) अव्ययीभाव समास (घ) द्विगु समास

3. 'कला में कुशल' का समस्तपद इनमें से किसका उदाहरण होगा?

(क) संबंध तत्पुरुष समास (ख) अधिकरण तत्पुरुष समास

(ग) अपादान तत्पुरुष समास (घ) संप्रदान तत्पुरुष समास

4. इनमें से कौन-सा समस्तपद कर्मधारय समास का उदाहरण है?

(क) सिरदर्द (ख) पीतांबर

(ग) देशाटन (घ) त्रिफला

5. 'गौ के लिए शाला' के लिए समस्तपद होगा–

(क) गायशाला (ख) गौशाला

(ग) अश्वशाला (घ) इनमें से कोई नहीं

6. 'दिनचर्या' का समास-विग्रह होगा–

(क) दिन में चलना (ख) दिन भर टहलना

(ग) दिन की चर्या (घ) दिन में आराम

7. द्वंद्व समास का उदाहरण है–

(क) नवग्रह (ख) घनश्याम

(ग) बेलगाम (घ) भला-बुरा

8. द्विगु समास का उदाहरण है–

(क) महाराजा (ख) राजपुत्र

(ग) शताब्दी (घ) आत्मविश्वास

9. 'पीला है जिसका अंबर अर्थात कृष्ण' यह समास-विग्रह किस समास का उदाहरण है?

(क) अव्ययीभाव समास (ख) बहुव्रीहि समास

(ग) द्वंद्व समास (घ) द्विगु समास

10. इनमें से अव्ययीभाव युक्त समस्तपद कौन-सा है?

(क) बंदूकधारी (ख) स्नेहमग्न

(ग) प्रतिदिन (घ) लंबोदर

**11.** वर्ग-1 को वर्ग-2 के साथ सुमेलित कीजिए।

| **वर्ग-1** | **वर्ग-2** |
|---|---|
| समस्तपद + समास-विग्रह | समास का नाम |
| (1) दाल-चावल (दाल या चावल) | (*i*) नञ् तत्पुरुष |
| (2) जीवनसाथी (जीवन का साथी) | (*ii*) द्विगु |
| (3) अधर्म (न धर्म) | (*iii*) संबंध तत्पुरुष |
| (4) त्रिभुज (तीन भुजाओं का समाहार) | (*iv*) द्वंद्व समास |

**विकल्प**

(क) (1) - (*iii*), (2) - (*iv*), (3) - (*ii*), (4) - (*i*)

(ख) (1) - (*iv*), (2) - (*iii*), (3) - (*i*), (4) - (*ii*)

(ग) (1) - (*i*), (2) - (*iii*), (3) - (*iv*), (4) - (*ii*)

(घ) (1) - (*ii*), (2) - (*iii*), (3) - (*iv*), (4) - (*i*)

**12.** निम्नलिखित उदाहरणों में 'अव्ययीभाव समास' का/के उदाहरण पहचानकर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनिए।

(*i*) यथोचित (जितना उचित हो)

(*ii*) नीलकमल (नीला कमल है जो)

(*iii*) भरपूर (पूरा भरा हुआ)

(*iv*) प्रत्यक्ष (आँखों के सामने)

**विकल्प**

(क) केवल (*i*) सही है।

(ख) (*ii*) और (*iii*) सही हैं।

(ग) (*i*), (*ii*), और (*iii*) सही हैं।

(घ) (*i*), (*iii*) और (*iv*) सही हैं।

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–8

**निर्धारित समय : 25 मिनट** **अधिकतम अंक : 14**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. **निम्नलिखित समस्तपदों का इस प्रकार से विग्रह कीजिए कि ये द्विगु समास एवं बहुव्रीहि समास दोनों के उदाहरण बन जाएँ।**

(क) शब्द : अष्टाध्यायी **1 × 3 = 3**

द्विगु समास : ..............................................................

बहुव्रीहि समास : ..............................................................

(ख) शब्द : त्रिफला

द्विगु समास : ..............................................................

बहुव्रीहि समास : ..............................................................

(ग) शब्द : त्रिलोचन

द्विगु समास : ..............................................................

बहुव्रीहि समास : ..............................................................

2. **नीचे दिए गए समस्तपदों का इस प्रकार विग्रह कीजिए कि ये कर्मधारय एवं बहुव्रीहि समास दोनों के उदाहरण बन जाएँ।**

(क) शब्द : पीतांबर **1 × 3 = 3**

कर्मधारय समास : ..............................................................

बहुव्रीहि समास : ..............................................................

(ख) शब्द : नीलकंठ

कर्मधारय समास : ..............................................................

बहुव्रीहि समास : ..............................................................

(ग) शब्द : कमलनयन

कर्मधारय समास : ..............................................................

बहुव्रीहि समास : ..............................................................

**3. विग्रह करते हुए समास का नाम भी लिखिए।** **1 × 2 = 2**

(क) पीतांबर

समास-विग्रह : ..................................................................

समास का नाम : ..................................................................

(ख) चौमासा

समास-विग्रह : ..................................................................

समास का नाम : ..................................................................

**4. निम्नलिखित रेखांकित पदों के स्थान पर इनके विग्रह रूपों का प्रयोग कीजिए–** **1 × 2 = 2**

(क) हमें <u>बाढ़पीड़ित</u> लोगों की सहायता करनी चाहिए।

..................................................................................................

(ख) <u>यथाशक्ति</u> निर्धनों की सहायता करनी चाहिए।

..................................................................................................

**5. दिए गए विग्रहों से समस्तपद बनाइए तथा समास का नाम लिखिए।** **2**

(क) गौ के लिए शाला

समस्तपद : ..................................................................

समास का नाम : ..................................................................

(ख) सात सौ का समाहार

समस्तपद : ..................................................................

समास का नाम : ..................................................................

**6. निम्नलिखित उदाहरणों में 'द्विगु समास' का/के उदाहरण पहचानकर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनिए।** **1**

(*i*) चौराहा (चार राहें हैं जो)

(*ii*) पंचतंत्र (पाँच तंत्रों का समाहार)

(*iii*) त्रिमूर्ति (तीन मूर्तियों का समाहार)

(*iv*) त्रिलोक (तीन लोक हैं जो)

**विकल्प**

(क) केवल (*ii*) सही है।

(ख) केवल (*i*) सही है।

(ग) (*ii*) और (*iii*) सही हैं।

(घ) (*i*), (*iii*) और (*iv*) सही हैं।

**7. कॉलम-1 को कॉलम-2 के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए–** **1**

| कॉलम-1 | कॉलम-2 |
|---|---|
| (1) सिरदर्द | (*i*) संप्रदान तत्पुरुष |
| (2) मार्गव्यय | (*ii*) संबंध तत्पुरुष |
| (3) कविगोष्ठी | (*iii*) अधिकरण तत्पुरुष |

**विकल्प**

(क) (1) - (*ii*), (2) - (*iii*), (3) - (*i*)

(ख) (1) - (*iii*), (2) - (*i*), (3) - (*ii*)

(ग) (1) - (*ii*), (2) - (*iii*), (3) - (*i*)

(घ) (1) - (*i*), (2) - (*ii*), (3) - (*iii*)

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–9

**निर्धारित समय : 25 मिनट** **अधिकतम अंक : 11**

**1. दिए गए वाक्यों का निर्देशानुसार परिवर्तित सही रूप बताइए।** **1 × 6 = 6**

1. शायद गाड़ी मिल जाए। (निषेधात्मक वाक्य)

(क) यदि वह समय पर निकल जाता तो गाड़ी मिल जाती।

(ख) क्या उसे गाड़ी मिल जाएगी?

(ग) ईश्वर करे, उसे गाड़ी मिल जाए।

(घ) उसे गाड़ी नहीं मिलेगी।

..........................................................................................................

2. तुम परीक्षा में पास हो जाओगी। (इच्छार्थक वाक्य)

(क) क्या तुम परीक्षा में पास हो जाओगी?

(ख) भगवान करे, तुम परीक्षा में पास हो जाओ।

(ग) तुम परीक्षा में पास नहीं हो पाओगी।

(घ) तुम परीक्षा में पास होओ।

..............................................................................................................

3. भाई को नौकरी मिल गई। (प्रश्नवाचक वाक्य)

(क) भाई को नौकरी नहीं मिली।

(ख) क्या भाई को नौकरी मिल गई?

(ग) संभवतः भाई को नौकरी मिल जाए।

(घ) वाह! भाई को नौकरी मिल गई।

..............................................................................................................

4. लड़कियाँ पार्क में खेलती हैं। (विस्मयादिबोधक वाक्य)

(क) लड़कियाँ पार्क में नहीं खेलती हैं।

(ख) लड़कियाँ पार्क में खेलें।

(ग) क्या लड़कियाँ पार्क में खेलती हैं?

(घ) वाह! लड़कियाँ पार्क में खेलती हैं।

..............................................................................................................

5. माली काका बगीचे की देखभाल करते हैं। (आज्ञार्थक वाक्य)

(क) शायद माली काका बगीचे की देखभाल करें।

(ख) यदि माली काका स्वस्थ हो जाएँ, तो बगीचे की देखभाल करें।

(ग) क्या माली काका बगीचे की देखभाल करते हैं?

(घ) माली काका बगीचे की देखभाल कीजिए।

..............................................................................................................

6. मेरे पड़ोसी का खोया हुआ बच्चा मिल गया। (संभावनार्थक वाक्य)

(क) यदि ठीक से खोजबीन की जाती तो मेरे पड़ोसी का खोया बच्चा मिल जाता।

(ख) हो सकता है मेरे पड़ोसी का खोया हुआ बचा मिल जाए।

(ग) ईश्वर करे मेरे पड़ोसी का खोया हुआ बच्चा मिल जाए।

(घ) क्या मेरे पड़ोसी का खोया हुआ बच्चा नहीं मिला?

..............................................................................................................

**2. दिए गए वाक्यों के अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद बताइए। $1 \times 6 = 6$**

1. हाय! मेरे बदन में बहुत दर्द है।

(क) इच्छार्थक वाक्य (ख) आज्ञार्थक वाक्य

(ग) विस्मयादिबोधक वाक्य (घ) नकारात्मक वाक्य

..........................................................................................................

2. गलत काम मत करो।

(क) इच्छार्थक वाक्य (ख) संभावनार्थक वाक्य

(ग) निषेधात्मक आज्ञार्थक वाक्य (घ) संकेतवाचक वाक्य

..........................................................................................................

3. वह एक अच्छा विद्यार्थी है।

(क) संभावनार्थक वाक्य (ख) कथनात्मक वाक्य

(ग) आज्ञार्थक वाक्य (घ) प्रश्नवाचक वाक्य

..........................................................................................................

4. क्या तुम मेरे साथ नहीं चलोगे?

(क) संकेतवाचक वाक्य (ख) विस्मयादिबोधक वाक्य

(ग) प्रश्नवाचक निषेधात्मक वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य

..........................................................................................................

5. यदि बारिश नहीं हुई होती तो भारत मैच जीत जाता।

(क) इच्छार्थक वाक्य

(ख) संकेतवाचक वाक्य

(ग) संभावनार्थक वाक्य

(घ) नकारात्मक वाक्य

..........................................................................................................

6. आपको जल्दी स्वास्थ्यलाभ मिले।

(क) संभावनार्थक वाक्य (ख) इच्छार्थक वाक्य

(ग) कथनात्मक वाक्य (घ) संकेतवाचक वाक्य

..........................................................................................................

**3. कॉलम-1 को कॉलम-2 के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए–** **1**

| कॉलम-1 | कॉलम-2 |
|---|---|
| (1) कल तेज़ तूफान आने वाला है। | (*i*) निषेधात्मक वाक्य |
| (2) क्या मैं यहाँ रुक सकती हूँ? | (*ii*) आज्ञार्थक वाक्य |
| (3) शाम को घर जल्दी आ जाना। | (*iii*) कथनात्मक वाक्य |
| (4) अब ट्रेन मिलने से रही। | (*iv*) प्रश्नवाचक वाक्य |

**विकल्प**

(क) (1) - (*ii*), (2) - (*iii*), (3) - (*i*), (4) - (*iv*)

(ख) (1) - (*iii*), (2) - (*iv*), (3) - (*ii*), (4) - (*i*)

(ग) (1) - (*ii*), (2) - (*iii*), (3) - (*iv*), (4) - (*i*)

(घ) (1) - (*iv*), (2) - (*ii*), (3) - (*iii*), (4) - (*i*)

**4. निम्नलिखित वाक्यों में निषेधात्मक वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनिए।** **1**

(*i*) अब वह थोड़े ही मदद करेगा।

(*ii*) वह तुम से स्टेशन पर मिलेगा।

(*iii*) अब वह तुम्हारी मदद करने से रही।

(*iv*) तुम्हें यहाँ से जाने कौन देगा।

**विकल्प**

(क) केवल (*iv*) सही है

(ख) (*i*) और (*iv*) सही हैं

(ग) (*i*), (*iii*) और (*iv*) सही हैं

(घ) (*i*), (*ii*), (*iii*) और (*iv*) सही हैं

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–10

**निर्धारित समय : 40 मिनट** **अधिकतम अंक : 18**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

**1. अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेद बताइए।** **4**

(i) हमने काम कर लिया है।

..........................................................................................

(ii) उसने गाना नहीं गाया।

..............................................................................................

(iii) आप कहाँ बैठे थे?

..............................................................................................

(iv) हाय! मेरी कमर में बहुत दर्द है।

..............................................................................................

(v) शाम को जल्दी आ जाना।

..............................................................................................

(vi) भगवान करे, आपकी यात्रा शुभ हो।

..............................................................................................

(vii) न वह आया और न अपनी बहन को भेजा

..............................................................................................

(viii) शायद ट्रेन न पहुँची हो।

..............................................................................................

**2. प्रत्येक भेद के दो-दो उदाहरण दीजिए।** **8**

(क) आज्ञार्थक जटिल वाक्य

(i) ..................................

(ii) ..................................

(ख) कथनात्मक जटिल वाक्य

(i) .................................. (ii) ..................................

(ग) संकेतवाचक निषेधात्मक वाक्य

(i) .................................. (ii) ..................................

(घ) 'क्यों' अव्यय वाले निषेधात्मक वाक्य

(i) .................................. (ii) ..................................

**3. कोष्ठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार निम्नलिखित वाक्यों को बदलिए। 4**

(i) अब वह तुम्हें नहीं मिलेगा।
('से रहा' का प्रयोग करते हुए निषेधवाचक वाक्य)

.....................................................................................................

(ii) वह नाश्ता करके बाज़ार गई। (कथानात्मक जटिल वाक्य)

.....................................................................................................

(iii) इस समय कहाँ मिलेगी दवाई।
('नहीं' का प्रयोग करते हुए निषेधात्मक वाक्य)

.....................................................................................................

(iv) बारिश होने पर किसान हल चलाएँगे। (संकेतवाचक वाक्य)

.....................................................................................................

(v) आपको वहाँ जाना चाहिए। (इच्छार्थक निषेधवाचक वाक्य)

.....................................................................................................

(vi) आज बारिश आएगी। (संभावनार्थक वाक्य)

.....................................................................................................

(vii) वह बहुत परिश्रमी बालक है। (विस्मयादिबोधक वाक्य)

.....................................................................................................

(viii) वे सब लोग मंदिर की ओर गए हैं। (प्रश्नवाचक वाक्य)

.....................................................................................................

**4. कॉलम-1 को कॉलम-2 के साथ सुमेलित कीजिए तथा सही विकल्प चुनकर लिखिए– 1**

| **कॉलम-1** | **कॉलम-2** |
|---|---|
| (1) ईश्वर तुम्हारी मदद करे। | (*i*) निषेधात्मक वाक्य |
| (2) शायद ट्रेन मिल जाए। | (*ii*) आज्ञार्थक वाक्य |

(3) आप मेरे साथ चलिए। (*iii*) संभावनार्थक निषेधात्मक वाक्य

(4) अब वह थोड़े ही मदद करेगा। (*iv*) इच्छार्थक वाक्य

**विकल्प**

(क) (1) - (*ii*), (2) - (*iii*), (3) - (*i*), (4) - (*iv*)

(ख) (1) - (*iii*), (2) - (*iv*), (3) - (*ii*), (4) - (*i*)

(ग) (1) - (*ii*), (2) - (*iii*), (3) - (*iv*), (4) - (*i*)

(घ) (1) - (*iv*), (2) - (*iii*), (3) - (*ii*), (4) - (*i*)

**5. निम्नलिखित वाक्यों में आज्ञार्थक वाक्य पहचानकर नीचे दिए गए सबसे सही विकल्प को चुनिए।** 1

(*i*) मुकेश, तुम मेरे साथ चलो।

(*ii*) नाश्ता करो और यहाँ से एकदम निकल जाओ।

(*iii*) आपको आज यहीं रुकना पड़ेगा।

(*iv*) अपनी माँ का कहना मान लोगे तो अच्छा होगा।

**विकल्प**

(क) केवल (*i*) सही है।

(ख) (*i*), (*ii*) और (*iv*) सही हैं।

(ग) (*i*), (*ii*), (*iii*) सही हैं।

(घ) (*i*), (*ii*), (*iii*) और (*iv*) सही हैं।

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–11

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 20**

**1. निम्नलिखित वाक्यों में निहित उपयुक्त अलंकारों का चयन कीजिए।** **1 × 5 = 5**

1. **पीपर-पात सरिस मन डोला।**

(क) रूपक अलंकार (ख) अतिशयोक्ति अलंकार

(ग) उपमा अलंकार (घ) उत्प्रेक्षा अलंकार

2. **कानन कठिन भयंकर भारी, घोर घाम हिमवारि बयारी।**

(क) रूपक अलंकार (ख) अनुप्रास अलंकार

(ग) उत्प्रेक्षा अलंकार (घ) यमक अलंकार

3. **या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी।**

(क) उत्प्रेक्षा अलंकार (ख) यमक अलंकार

(ग) उपमा अलंकार (घ) इनमें से कोई नहीं

4. **मधुर-मधुर मुसकान मनोहर, मनुज वेश का उजियाला।**

(क) यमक अलंकार (ख) उपमा अलंकार

(ग) अनुप्रास अलंकार (घ) रूपक अलंकार

5. **चरण-कमल बंदौ हरिराई।**

(क) यमक अलंकार (ख) उपमा अलंकार

(ग) मानवीकरण अलंकार (घ) रूपक अलंकार

**2. निम्नलिखित अलंकारों से संबंधित उदाहरणों का चयन कीजिए। $1 \times 5 = 5$**

1. **यमक अलंकार**

(क) आए महंत बसंत

(ख) कहै कवि बेनी बेनी व्याल की चुराई लीन्हीं

(ग) मुदित महीपति मंदिर आए

(घ) इनमें से कोई नहीं

2. **अनुप्रास अलंकार**

(क) काली घटा का घमंड घटा

(ख) नगन जड़ती थी वे नगन जड़ाती है

(ग) सुबरन को खोजत फिरत कवि, व्यभिचारी, चोर

(घ) सठ सुधरहिं सत्संगति पाई।

3. **यमक अलंकार**

(क) तू मोहन की उरबसी ह्वे उरबसी समान

(ख) कबिरा माया मोहिनी जैसे मीठी खाँड़

(ग) अंबर-पनघट में डुबो रही

(घ) बीती विभावरी जाग री अंबर पनघटर में डुबो रही

4. **उपमा अलंकार**

(क) हनुमान की पूँछ में, लगन न पाई आग।
लंका सगरी जल गई गए निशाचर भाग।।

(ख) शशि मुख पर घूँघट डाले

(ग) चरण-कमल बंदौ हरिराई

(घ) पीपर पात सरिस मन डोला

5. **रूपक अलंकार**

(क) हरिपद कोमल कमल से (ख) अंबर-पनघट में डुबो रही

(ग) तारा-घट उषा-नागरी (घ) (ख) और (ग) दोनों

**3. निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।** **1 × 10 = 10**

1. अनुप्रास अलंकार में होती है–

(क) शब्दों की आवृत्ति (ख) वर्णों की आवृत्ति

(ग) अर्थों में समानता (घ) अर्थों में विभिन्नता

2. निम्नलिखित में से कौन-सा अर्थालंकार का भेद नहीं है?

(क) उपमा अलंकार (ख) यमक अलंकार

(ग) मानवीकरण अलंकार (घ) अतिशयोक्ति अलंकार

3. 'मखमल के झूले पड़े हाथी-सा टीला', इसमें उपमा अलंकार का कौन-सा अवयव लुप्त है?

(क) उपमेय (ख) उपमान

(ग) वाचक शब्द (घ) साधारण धर्म

4. काव्य में एक शब्द के यदि एक से अधिक अर्थ निकलते हैं, तो वहाँ होता है–

(क) उपमा अलंकार (ख) श्लेष अलंकार

(ग) यमक अलंकार (घ) अतिशयोक्ति अलंकार

5. दो व्यक्तियों या वस्तुओं के गुण या धर्म की समानता बताना किस अलंकार के अंतर्गत आता है?

(क) रूपक अलंकार (ख) उपमा अलंकार

(ग) अतिशयोक्ति अलंकार (घ) मानवीकरण अलंकार

6. 'निर्मल तेरा नीर अमृत-सम उत्तम है' में उपमान है–

(क) नीर (ख) अमृत

(ग) उत्तम (घ) नीर

7. 'आए महंत बसंत' में कौन-सा अलंकार निहित है?

(क) उपमा अलंकार (ख) रूपक अलंकार

(ग) उत्प्रेक्षा अलंकार (घ) श्लेष अलंकार

8. उपमा अलंकार के कितने तत्व होते हैं?

(क) दो (ख) चार

(ग) छह (घ) आठ

9. 'कालिंदी कूल कदंब की डारन' में कौन-सा अलंकार है?

(क) अनुप्रास अलंकार

(ख) रूपक अलंकार

(ग) श्लेष अलंकार

(घ) इनमें से कोई नहीं

10. इनमें से कौन सा उदाहरण पूर्णोपमा का नहीं है?

(क) अरविंद से शिशुवृंद कैसे सो रहे

(ख) पीपर पात सरिस मन डोला

(ग) मखमल से झूले पड़े हाथी-सा टीला।

(घ) हरिपद कोमल कमल-से

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र-12

**( नए पाठ्यक्रमानुसार )**

## अलंकार

**निर्धारित समय: 40 मिनट** **अधिकतम अंक : 16**

**1. अंतर स्पष्ट कीजिए-** **2 × 2 = 4**

**( क ) उपमा तथा रूपक**

....................................................................................

....................................................................................

....................................................................................

....................................................................................

**( ख ) अनुप्रास तथा यमक**

....................................................................................

....................................................................................

....................................................................................

....................................................................................

**2. बताइए कि निम्नलिखित में से कौन-से अलंकार शब्दालंकार वर्ग में आते हैं तथा कौन-से अर्थालंकार वर्ग में?**

**उपमा, अनुप्रास, रूपक, यमक, उत्प्रेक्षा, अतिशयोक्ति, श्लेष, मानवीकरण** **2**

**अर्थालंकार वर्ग** = ..................................................................

..................................................................

**शब्दालंकार वर्ग** = ..................................................................

..................................................................

**3. प्रत्येक अलंकार का एक-एक उदाहरण दीजिए।** **4**

- **यमक** ..................................................................
- **रूपक** ..................................................................
- **अनुप्रास** ..................................................................
- **उपमा** ..................................................................

**4. निम्नलिखित पंक्तियों में से उपमेय तथा उपमान छाँटिए।** **2**

(क) शशि-मुख पर घूँघट डाले

उपमेय = ..................................................................

उपमान = ..................................................................

(ख) पीपर पात सरिस मन डोला

उपमेय = ..................................................................

उपमान = ..................................................................

**5. निम्नलिखित पंक्तियों में कौन-सा अलंकार है? नाम लिखिए।** **4**

(क) बापू को कर नित दूर-दूर, हर बरस, बरस दिन आता है।

..................................................................

..................................................................

(ख) जहाँ जुगल जोड़ी रहती है

..................................................................

..................................................................

(ग) यह देखिए अरविंद-से, शिशुवृंद कैसे सो रहे।

..............................................................................................

..............................................................................................

(घ) अंबर-पनघट में डुबो रही, तारा-घट उषा-नागरी।

..............................................................................................

..............................................................................................

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र-13

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 12**

**1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **6**

(क) **कामकाजी नारी की समस्याएँ**

**संकेत-बिंदु :** • दोहरे व्यक्तित्व का निर्वाह • स्वावलंबन की भावना • सुरक्षा का प्रश्न • परिवार व समाज के सहयोग की आवश्यकता।

(ख) **युवा पीढ़ी पर दूरदर्शन का प्रभाव**

**संकेत-बिंदु :** • युवा पीढ़ी पर दुष्प्रभाव • फैशन की वृद्धि में सहायक • अश्लीलता का प्रदर्शन • निष्कर्ष।

(ग) **किसी प्राकृतिक स्थल की यात्रा**

**संकेत-बिंदु :** • प्रकृति और मनुष्य का संबंध • प्राकृतिक स्थल की यात्रा • उसका वर्णन • उपसंहार

**2. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **6**

(क) **कंप्यूटर**

**संकेत-बिंदु :** • जीवन में कंप्यूटर की भूमिका • शैक्षणिक लाभ • विकास में योगदान

(ख) **पर्यावरण दिवस**

**संकेत-बिंदु :** • पर्यावरण दिवस का महत्व • भूमिका • जन जागरूकता • प्रभाव एवं परिणाम

(ग) **अध्यापक की भूमिका**

**संकेत-बिंदु :** • व्यक्तित्व निर्माण में सहायक • अधिगम की प्रक्रिया के लिए आवश्यक • शैक्षिक विकास

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–14

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 12**

**1. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5**

(क) **छात्रों में अनुशासनहीनता**

**संकेत-बिंदु :** • अनुशासनहीनता के कारण • अनुशासनहीनता के दुष्परिणाम • अनुशासनहीनता दूर करने के उपाय

(ख) **मन के हारे हार है, मन के जीते जीत**

**संकेत-बिंदु :** • हारे हुए मन के दुष्परिणाम • मन को सुदृढ़ करने के उपाय

(ग) **पुस्तकालय की उपयोगिता**

**संकेत-बिंदु :** • पुस्तकालय का महत्व • पुस्तकालय के प्रकार • पुस्तकालय की उपयोगिता

**2. दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5**

(क) **भारतीय कृषक**

**संकेत-बिंदु :** • अन्नदाता किसान • पिछड़ापन का कारण • अशिक्षा और उपेक्षा • आत्महत्या • उपाय

(ख) **जन-धन योजना**

**संकेत-बिंदु :** • उद्घाटन • लाभान्वित होने वाला वर्ग • प्रभाव

(ग) **ग्रामीण जीवन**

**संकेत-बिंदु :** • सुविधा • असुविधा • तनावरहित जीवन • पिछड़ापन • सकारात्मक पक्ष

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–15

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. प्रातः कालीन सैर के लाभों का वर्णन करते हुए अपने छोटे भाई को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

मित्र के घर हुई चोरी की ख़बर सुनकर मित्र को सांत्वना देते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

2. विद्यालय के पुस्तकालय में हिंदी की पत्र-पत्रिकाएँ मँगाए जाने हेतु पुस्तकालय अधीक्षक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

ग्रीन फील्ड स्कूल, मुंबई द्वारा विज्ञापित हिंदी अध्यापक के पद के लिए आवेदक वसंत कुमार (बी.ए. बी-एड्.) की ओर से एक आवेदन पत्र लगभग 100 शब्दों में लिखिए।

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–16

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

1. आप 'बुक-फेयर' देखने गए, वहाँ आपने क्या-क्या किया, इसका वर्णन करते हुए अपने पिता जी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

छोटी बहन के जन्मदिवस समारोह पर अपने मित्र को आमंत्रित करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

2. विद्यालय में लड़कियों के लिए अलग शौचालय बनाए जाने का अनुरोध करते हुए प्रधानाचार्य को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। **5**

**अथवा**

आपके इलाके में गंदगी बढ़ जाने के कारण डेंगू फैल रहा है। उसकी रोकथाम किए जाने के संबंध में जिला स्वास्थ्य अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–17

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित शीर्षकों के आधार पर लगभग 100 शब्दों में लघुकथा लिखिए।**

**5 × 2 = 10**

1. सच्ची मित्रता **5**
2. यदि मैं शिक्षामंत्री होता **5**

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–18

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **5 × 2 = 10**

**1. दिए गए प्रस्थान-बिंदु के आधार पर लगभग 100 शब्दों में लघु कथा लिखिए।** **5**

सुबह के 6 बजे रहे थे। काफी ठंड थी। अभी हल्का उजाला होना शुरू ही हुआ था। मैं घर से टहलने के लिए निकला। अभी मैं अपनी गली के मोड़ पर पहुँचा ही था कि मुझे किसी के रोने की आवाज़ सुनाई दी। मैं उस आवाज़ की ओर खिंचता ही चला गया। क्या देखता हूँ कि एक बूढ़ा आदमी फटे कंबल में लिपटा फर्श पर बैठा काँप और रो रहा था।.........

**अथवा**

ओम स्कूल की छुट्टी के समय मम्मी को देखते ही चहक उठा और बोला–"मम्मी मुझे स्कूल के वार्षिकोत्सव पर छह पुरस्कार देने की घोषणा की गई है।" उसकी बात सुनकर मम्मी फूली न समाई। वह मम्मी का हाथ पकड़कर उछलता-कूदता चलने लगा ........

**2. निम्नलिखित में से किसी एक शीर्षक के आधार पर लगभग 100 शब्दों में लघु कथा लिखिए।** **5**

- जोड़ने की चाह

**अथवा**

- मददगार

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–19

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**निम्नलिखित विषयों पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक ई-मेल लिखिए।**

1. आपके इलाके से रेलवे स्टेशन तक जाने के लिए बस-सेवा अच्छी नहीं है। बस-सेवा को बेहतर बनाने के लिए परिवहन निगम के निदेशक को एक ई-मेल लिखिए। **5**
2. आपने समाचार-पत्र में एक कंप्यूटर कोर्स का विज्ञापन पढ़ा। उस कोर्स को चलानेवाली संस्था के प्रबंधक को उस कोर्स के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए ई-मेल लिखिए। **5**

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–20

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 10**

**दिए गए विषयों पर लगभग 100 शब्दों में ऑपचारिक ई-मेल लिखिए।**

1. आपके इलाके की केमिस्ट की दुकान में नकली दवाइयाँ बेची जा रही हैं। इसकी शिकायत करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी को ई-मेल लिखिए। **5**
2. पानी की पाइप लाइन की मरम्मत हेतु जल बोर्ड अधिकारी को ई-मेल लिखिए। **5**

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–21

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 8**

**निम्नलिखित विषयों पर लगभग 80 शब्दों के अंतर्गत संवाद लिखिए।** **4 × 2 = 8**

1. जी०एस०टी० के विषय में दो मित्रों के बीच होनेवाला संवाद। **4**
2. विद्यालय के वार्षिकोत्सव की तैयारी के विषय में दो मित्रों के बीच होनेवाला संवाद। **4**

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–22

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 8**

**निम्नलिखित विषयों पर लगभग 80 शब्दों के अंतर्गत संवाद लिखिए।**

**4 × 2 = 8**

1. 'परीक्षा की अवधि में बिजली कटौती' विषय पर दो मित्रों के बीच संवाद। **4**
2. स्कूल बस-स्टाफ की लापरवाही के विषय में दो मित्रों के बीच संवाद। **4**

## पुनरावृत्ति कार्य पत्र–23

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 12**

**दिए गए विषयों पर लगभग 80 शब्दों में सूचना लिखिए।** **4 × 3 = 12**

1. विद्यालय की सांस्कृतिक संस्था 'रंगमंच' की सचिव लतिका की ओर से 'स्वरपरीक्षा' के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को यथासमय उपस्थित रहने की सूचना लिखिए। समय और स्थान का उल्लेख भी कीजिए। **4**
2. आप रामगोपाल गुप्ता, सचिव जिला विकास समिति बरेली हैं। इलाके के पार्कों की साफ़-सफ़ाई के प्रति लोगों को सचेत करते हुए एक सूचना तैयार कीजिए। **4**
3. आपके विद्यालय में वार्षिकोत्सव मनाया जाना है। उसकी तैयारी हेतु चर्चा के लिए छात्र-परिषद की बैठक तत्काल बुलाई जानी है। आप छात्र-परिषद के सचिव की हैसित से सूचना जारी करें। **4**

# पुनरावृत्ति कार्य पत्र–24

**निर्धारित समय : 30 मिनट** **अधिकतम अंक : 12**

**दिए गए विषयों पर लगभग 80 शब्दों में सूचना लिखिए।** **4 × 3 = 12**

1. आपकी कॉलोनी में अपोलो अस्पताल की ओर से मुफ़्त नेत्र–परीक्षण शिविर लगाया जा रहा है। कॉलोनी की रेजीडेंट वेलफेयर सोसाइटी की ओर से सभी निवासियों की जानकारी हेतु एक सूचना तैयार कीजिए। **4**
2. विद्यालय में छुट्टी के दिनों में भी प्रातःकाल में योग की अभ्यास कक्षाएँ चलने की सूचना देते हुए इच्छुक विद्यार्थियों द्वारा अपना नाम देने हेतु सूचना–पट्ट के लिए एक सूचना लगभग 80 शब्दों में लिखिए। **4**
3. नेहरू युवा क्लब की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान में शामिल होने के लिए युवाओं के साथ होने वाली बैठक की जानकारी देते हुए अध्यक्ष की ओर से लगभग 80 शब्दों में सूचना लिखिए। **4**